## खबर संक्षेप

### सम्बल योजनाः मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की हितग्राहियों के खातों में राशि



**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बरगी जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना (सम्बल) के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से लाभांवित किया गया। इसके अंतर्गत मण्डला जिले के 174 लाभार्थियों के खातों में 3.72 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित हुई। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम का जिले में सीधा सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में एनआईसी कक्ष मंडला से सम्बल योजना के हितग्राहियों ने सहभागिता की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, जिला श्रम अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### ग्राम बम्हनी में भूमि आवंटन के संबंध में दावा/आपत्ति 26 जून तक प्रस्तुत कर सकते हैं

**मण्डला।** नायब तहसीलदार वृत बम्हनी जिला मंडला ने बताया कि ग्राम बम्हनी प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. बम्हनी, तहसील व जिला मंडला स्थित भूमि ख.नं. 409/1/4 रकबा 0.3030 हेक्टेयर भूमि मछली, मुर्गा बाजार हेतु भूमि मांग आवेदन पत्र न्यायालय नायब तहसीलदार वृत बम्हनी में जांच प्रतिवेदन विचारार्थ है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि आवंटन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से 26 जून 2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्रस्तुत दावा/आपत्ति विचार योग्य नहीं होंगे।

### आज होगा बालाघाट व छिंदवाड़ा और बैतूल व बुरहानपुर के बीच मुकाबला

## मंडला ने सिवनी व जबलपुर और रायसेन को दी चार शून्य से शिकायत

**मण्डला।** महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में म.प्र. फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल संघ, मण्डला के तत्वाधान में खेली जा रही दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत मंगलवार को प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला मैच मेजबान मंडला और सिवनी के बीच खेला गया। इस मैच में भी मंडला ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सिवनी को चार शून्य से शिकायत दी। शुरुआत में सिवनी की टीम ने मंडला के गोल पर कई हमले किए लेकिन मंडला के डिफेंस और गोलकीपर ने उन्हें नाकाम कर दिए। इसके बाद जब मंडला की टीम ने लय पकड़ी तो उसने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और खेल के पहले हाफ के 20वें मिनट में पंकज मरावी ने गोल कर अपनी टीम को एक शून्य की बढ़त दिला दी। सेकंड हाफ में मंडला के खिलाड़ियों ने और बेहतर तालमेल व फुटवर्क दिखाया। मैच के 47वें मिनट में अंश उसराठे ने 57वें मिनट में शिव नारायण और मैच के 79वें मिनट में रुद्र ने गोल कर मंडला को चार शून्य से जीत दिला दी। इस प्रतियोगिता में मंडला की यह लगातार दूसरी जीत है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत मंडला के अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम ने मैच के पहले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और बेहतर खेल के लिए आपकी शुभकामनाएं दी। दूसरे मैच के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मंडला के अध्यक्ष सोनू भलावी थे। उन्होंने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उसके बाद मैच शुरू हुआ। दूसरा मैच जबलपुर और रायसेन के बीच खेला गया। इस मैच में जबलपुर ने रायसेन को





चार शून्य से हराया। जबलपुर की तरफ से नगेंद्र ने दो, शौर्य व यशराज ने एक-एक गोल किया। इस प्रतियोगिता में सतना के निखिल, शहडोल के राजपुरी, खरगोन के शिवम पाटीदार, जबलपुर के रोहित थापा, छिंदवाड़ा के राहुल, खरगोन के प्रतीक, सिवनी के मेहुल और सतना के अभय निर्णायक की भूमिका निभा रहे हैं। 18 जून दिन बुधवार को पहला मैच बालाघाट व छिंदवाड़ा और दूसरा मैच बैतूल व बुरहानपुर के बीच खेला जायेगा। इस दौरान जिला पंचायत मंडला के अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम, जनपद पंचायत मंडला के अध्यक्ष सोनू भलावी थे, हॉकी मंडला के सचिव सैयद कमर अली, जिला फुटबाल संघ के उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा, सुनील सराफ, सुरेंद्र मिश्रा, राजेंद्र कुमार सिंगौर 'पंचू' सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में पंकज उसराठे, मुजवी हसन, देवेंद्र सरोते, बासु सिंधिया, प्रथम चौकसे, कुशल भवेदी सहित विभिन्न खेल प्रेमी उल्लेखीनय भूमिका का निर्वहन कर रहे है।

## पहली बारिश में ही दल-दल में बदली सड़कें

### नगर परिषद नहीं दे रही ध्यान, हो सकती है दुर्घटना



**निवास।** नगर परिषद निवास अंतर्गत आने वाले कई वार्डों की कच्ची सड़कें मंगलवार को पहली बारिश के साथ ही दल-दल में बदल गईं हैं। मानसून के पूर्व इन स्थानों पर प्रतिवर्ष नगर परिषद द्वारा मुरुम बोल्डर आदि डलवाए जाते थे, जिससे रहवासियों को बरसात में समस्या नहीं होती थी। नगर परिषद के वार्ड 12 सहित अन्य कई वार्ड ऐसे हैं जहां की सड़कें या तो बनाई नहीं गईं हैं या तो जर्जर हो गईं हैं। जिम्मेदार लोगों का भी इस ओर किसी प्रकार का ध्यान नहीं है। बता दें कि पिछले वर्ष भी इन सड़कों में मुरुम आदि डलवाई गई थी, लेकिन केंद्र सरकार की नल जल योजना के कारण कई जगह कच्ची सड़कें खोदकर पाइपलाइन बिछा दी गई, जिससे मुरुम आदि नीचे दब गई है और जिम्मेदार लोगों ने इस ओर ध्यान भी नहीं दिया।

**जनसंकट से भी नागरिक परेशान, हो रही खानापूर्ति -**

एक और जहां बारिश होने से सड़कें दलदल में तब्दील हो गई हैं, वही दूसरी ओर कई वार्डों में जलापूर्ति ना होने से लोगों को पानी की समस्या का सामना भी करना पड़ रहा है। न सुचारु रूप से सप्लाई हो रही है और न ही टेंकर आदि के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। इस विषय में जब भी जिम्मेदारों को अवगत कराया जाता था, टोल मटोल जबाव मिलता है और खानापूर्ति करते हुए महज पांच से 10 मिनिट के लिए सप्लाई कर दी जाती है। वहीं इस मामले में जिम्मेदारों का कहना है कि बोर में पानी खत्म हो गया है, ऐसा होने के बाद भी नदी के पानी की सप्लाई भी नगर पंचायत नहीं कर रही है।

**सड़क निर्माण का टेंडर पूरा, लेकिन अटका है काम -**

ज्ञात हो कि नगर परिषद अंतर्गत आने वाले वार्डों में आवश्यकता के अनुसार सड़कों के निर्माण के टेंडर भी पूरे हो चुके हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों के ध्यान न देने के कारण 12-13 वार्डों में केवल अब तक 2 वार्डों में ही निर्माण कार्य पूरा हो पाया है। सूत्रों कि मानें तो ठेकेदार को भुगतान न मिल पाने के कारण वह आगे निर्माण नहीं कर रहा है। अगर ऐसा है तो यह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि परिषद में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच शायद सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। ठेकेदार को अगर समय पर भुगतान हो जाता तो बरसात में नागरिकों को इस समस्या का सामना करना नहीं पड़ता।

## मण्डला जिले में रोजगार के लिए अपार संभावनाएं- जिला पंचायत अध्यक्ष




### युवा संगम मेला में 52 युवाओं को चयन

**मण्डला।** जिला प्रशासन मण्डला के निर्देशानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से नगरपालिका परिसर के टाऊनहॉल में रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप 'युवा संगम मेला' का सफल आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था।

मेले में विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता के 98 युवाओं ने पंजीयन कराया। जिसमें कुल 6 निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार लेते हुए 52 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा 5 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, सहायक संचालक



बलराम यादव, अन्य पिछड़ा वर्ग के उपसंचालक दिलीप श्रीवास, आईटीआई प्राचार्य आरएस वड़कडे, जिला रोजगार कार्यालय डीके साहू, अनिल दुबे, विकास मिश्रा, भूपेन्द्र चंद्रौल, शंभु धुर्वे, कर्णसिंह धुर्वे, आनंद मरावी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

अप्रेंटिसशिप मेला 'युवा संगम मेला' को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि मण्डला जिले में रोजगार के लिए अपर संभावनाएं है। सरकार की महात्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लेते हुए युवाओं अपनी रुचि और कौशल के अनुसार सफलतापूर्वक अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे जो भी काम शुरू करें, उसे विकसित करते हुए जिले और प्रदेश में अपना परचम लहराएं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि युवा संगम के माध्यम से हर महिने 25 से 50 युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास कर रहे है। मंच संचालन एसके शर्मा द्वारा किया गया।

## बाल कल्याण समिति की तीन सदस्यीय पीठ पहुंची पोक्सो विक्टिम के आवास पर

### नियुक्त किया सपोर्ट पर्सन, किशोर न्याय निधि से पोषाहार और वस्त्र के लिए राशि जारी करने की अनुशंसा

**स्कीम फॉर केयर एंड सपोर्ट टू विक्टिम से लाभान्वित करने किया जा रहा विभागीय समन्वय**

**मण्डला।** माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा मंडला जिले के एक थाना में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत पंजीकृत अपराध की पोक्सो विक्टिम के संबंध में आदेश पारित किया गया है। पोक्सो विक्टिम गर्भवती है और उसने और उसके माता-पिता ने गर्भावस्था को निरंतर जारी रखने की सहमति दी है। उस समय 29 सप्ताह से अधिक की गर्भावस्था होने के कारण माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी पर कोई निर्देश जारी नहीं किया। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने पोक्सो विक्टिम के सुरक्षित प्रसव और प्रसवोपरांत देखभाल के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में विक्टिम का नाम एवं पहचान की गोपनीयता बनाए रखने का आदेश भी शामिल है। आयुक्त, महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश द्वारा बाल कल्याण समिति जिला मंडला को यह प्रकरण आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। पोक्सो विक्टिम के गर्भावस्था को देखते हुए बाल कल्याण समिति जिला मंडला की तीन सदस्यीय पीठ पोक्सो विक्टिम के आवास पहुंची। बाल कल्याण समिति जिला मंडला के अध्यक्ष गजेन्द्र गुप्ता और सदस्य श्रीमती तृप्ति शुक्ला तथा सुश्री शशि पटेल ने पोक्सो विक्टिम को स्कीम फॉर केयर एंड सपोर्ट टू विक्टिम के अंतर्गत सहायता देने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किया। बाल कल्याण समिति जिला मंडला ने पोक्सो विक्टिम को सहयोग के लिए सपोर्ट पर्सन नियुक्त किया है। किशोर न्याय निधि से पोषाहार और वस्त्र के लिए राशि जारी करने की अनुशंसा की है। बाल कल्याण समिति जिला मंडला पोक्सो विक्टिम को इस स्कीम से लाभान्वित करने के लिए अन्य स्टेकहोल्डर्स से समन्वय कर रही है।

## पीएचई विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतों का किया गया क्लोरिनेशन कार्य



**मण्डला।** मंडला कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मंडला के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज भास्कर के मार्गदर्शन में जिले के अलग-अलग ग्रामों के पेयजल स्त्रोतों ट्यूबवेल, हैंडपंप, कुआं, पानी टंकी, संपवेल में सोडियम हाइपो क्लोराइड ए
वं ब्लीचिंग पॉवडर डालकर से क्लोरिनेशन कार्य किया गया। जिसमें ब्लॉक बिछिया के ग्राम बाघरोंडी वनग्राम, भावा माल, भावा जर में, ब्लॉक निवास के ग्राम समैया, लुहारी, रौसर, खुदरी में, ब्लॉक मोहगांव के ग्राम अमझर माल, मुंगवानी, पातादेही, बोड़ासिल्ली में ब्लॉक बीजाडांडी के ग्राम बीजाडांडी, ढुंढवा में नारायणगंज के ग्राम बीजेगाँव, खम्हरिया, कूड़ा मैली, देवरी कला, बबलिया में ब्लॉक घुघरी के ग्राम बनिया, लोधा एवं ब्लॉक नैनपुर के ग्राम धनपुरी माल, इंद्री, टिकरा टोला, मुगदरा, चिकनाही के पेयजल स्त्रोतों में दवाई डालकर शुद्धिकरण किया गया।




### जनसुनवाई में पहुंचे 110 आवेदक, सीईओ जिला पंचायत ने दिए निराकरण के निर्देश

**मण्डला।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांष कूमट ने जिला योजना भवन में संपन्न हुई जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका समुचित निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में 110 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने प्रत्येक आवेदन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए एवं आवेदन की प्रकृति के अनुसार समय सीमा निर्धारित की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में त्रुटि सुधार, आवास योजना, पेयजल, सीमांकन, वृद्धा पेंशन, ट्राई साइकिल, वाद विवाद, भुगतान आदि आवेदन प्रस्तुत किए गए।

### सीईओ जनपद पंचायत ने किया खेत तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण



**मण्डला।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नैनपुर विकासखण्ड के ग्राम झिरिया में किसान राजेश आहाके के खेत में मनरेगा से नवीन खेत तालाब बनाया जा रहा है। सीईओ जनपद पंचायत श्री विनोद मरावी ने निर्माणाधीन खेत तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने उपयंत्री तथा ग्राम पंचायत के सचिव को निर्देशित किया कि खेत तालाब का निर्माण कार्य समय पर पूरा करायें। कृषक से बातचीत करते हुए सीईओ ने तालाब में सिंघाड़े की खेती तथा मत्स्य पालन के लिए प्रेरित किया। साथ ही तालाब की मेढ़ पर अरहर की फसल लगाकर अतिरिक्त आय कमाने की समझाईश दी। इस दौरान जनपद पंचायत के उपयंत्री तथा ग्राम पंचायत सचिव व कृषक मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**मण्डला।** ग्यारहवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिला एवं विकासखंड स्तर पर विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम, योग सेमिनार तथा योग कार्यशालाओं के आयोजनों में स्कूल, कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, निजि शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं के साथ अध्यापक/शिक्षकगण भी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा योग संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिस सहित विभागों के शासकीय सेवकों तथा आम नागरिक भी कार्यक्रमों में भागीदारी करेंगे।इस वर्ष ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आयोजन स्थलों पर सामूहिक योग कार्यक्रम संपन्न कराने के साथ-साथ मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के उद्बोधन कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण एनआईसी द्वारा लिंक के माध्यम से किया जाएगा। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वृहद कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजनों में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

**खबर संक्षेप**

## नीखरा को मिली नई जिम्मेवारी...



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा जनता की सेवा से लेकर अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिये अलग अलग समूहों में विभाजित किया गया है। उस तरह कांग्रेस पार्टी के महत्वपूर्ण अंग सेवादल द्वारा जिस तरह अपनी पार्टी के लिये योगदान दिया जाता है वही निश्चित प्रशसनीय है। इस प्रकार कांग्रेस सेवादल की मध्यप्रदेश कार्यकारिणी में गाडरवारा के शिवकुमार नीखरा को बड़ी जिम्मेवारी प्रदान की गई है। बताया जाता है कि शिवकुमार नीखरा को कांग्रेस सेवादल का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय मुख्य संगठक लाल जी देसाई एवं कांग्रेस सेवादल मध्य प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा से स्वीकृति मिलने के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में मध्यप्रदेश सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव ने नीखरा को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान मध्यपदेश के सेवादल प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। योगेश यादव ने कहा कि कांग्रेस सेवादल में सक्रिय रूप से कार्य करने वाले सदस्यों को अहम ओहदे सौंपे जाते हैं। शिवकुमार नीखरा की कार्यशैली को देखते हुए उन्हें प्रदेश में कार्य करने के लिए जिम्मेवारी सौंपी गई है। ज्ञात हो की वर्तमान में नीखरा सागर जिले के कांग्रेस सेवादल प्रभारी का दायित्व भी निभा रहे हैं।इस शुभ अवसर पर प्रदेश के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता वा सेवादल पदाधिकारीयों ने शिव कुमार नीखरा की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया जा रहा है।

## युवक का गर्म तेल की कढ़ाई में ढ़केला



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। कभी कभी देखा जाता है कि लोग छोटी छोटी बातों को लेकर एक दूसरे की जान के दुश्मन बनने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के एक शादी घर में देखने मिली जहां पर चल रहे स्वरूचि भोज में मुगोड़ी लेने की बात को लेकर युवक को गर्म तेल की गढ़ाई में ढकेल दिया गया। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सिलारी जिला रायसेन निवासी नरेश पिता राधेश्याम बघेल उम्र 50 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं ग्राम खुरसरू में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ हूं। बीते हुये दिवस परिवार के साथ गाडवारा श्री भवन में शादी समारोह में शामिल होने के लिये आया हुआ था। जहां पर चल रहे स्वरूचि भोजन के कार्यक्रम के दौरान लगे हुये मुगौड़ी के स्टाल पर खाने के लिये मुगौड़ी ले रहा था उसी दौरान मुगौडी लेने की बात को लेकर सचिन सिलावट नामक युवक द्वारा मुगौड़ी लेने की बात को लेकर विवाद करने लगा। इस दौरान उसके अन्य दो साथी हर्ष सिलावट व अनिल आ गये और तीनों ने एक राय होकर प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये मुगौड़ी बन रही भट्टी के ऊपर ढाकेल दिया गया। इस दौरान प्रार्थी के भाई व बहिनोई ने बचा लिया गया और तुरंत इलाज के लिये चिकित्सालय ले गये। वही घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने गोटेगांव निवासी सचिन सिलावट, हर्ष सिलावट तथा अनिल के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा की हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। मंगलवार से क्षेत्र के चयनित परीक्षा केन्द्रो पर माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय अवसर की परीक्षा प्रारंभ हो गई। बताया जाता है कि उक्त परीक्षा हेतु गाडरवारा के बीटीआई स्कूल, साईखेड़ा के साँदीपनी स्कूल एवं चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। हिंदी विषय के परचे से शुरू हुई इस परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक रखा गया है।

# लाखों की लागत से बने हुये सरकारी शाला भवन में भूसा के साथ रखे जा रहे कृषि यंत्र, बच्चों को पढ़ाई करने के लिये दिवारों में बने हुये पहाड़े देखकर क्या मवेशी लेते है सुरूचि भोज का आनंद...,







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा बच्चों के भविष्य को ध्यान मे रखते हुये शिक्षा के क्षेत्र में धनराशि खर्च करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर जब उस शासकीय राशि का सही उपयोग होने की जगह मात्र औपचारिकता निभाने में नाम पर खर्च की जावे तो निश्चित ही सरकार द्वारा किये जाने वाले संपूर्ण प्रयासों को ग्रहण करने में देर नही लगती है तो दूसरी ओर अधिकारियों की भूमिका पर भी सबाल खड़े होने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सलैया व सडूमर के बीच कोरई टोला में बने हुये शिक्षा गारंटी भवन को देखते हुये जान पड़ रहा है। क्योंकि बीरान इलाके में बने हुये इस शिक्षा गारंटी शासकीय शाला भवन में क्षेत्र के लोगों ने शायद ही आज तक किसी भी छात्र को अध्ययन करते हुये देखा गया होगा? क्योंकि यहां से ग्राम सडूमर व ग्राम सलैया की दूरी लगभग दो दो किलो मीटर है। वही दूसरी ओर इन ग्रामों में प्राथमिक स्तर के स्कूल संचालित हो रहे है। वही दूसरी ओर जिस जगह यह शाला भवन बनाया गया है वहां पर किसी भी प्रकार से रहवासी क्षेत्र ही नही है। मगर इसके बाद भी लाखों रूपया की सरकारी राशि से बनाये गया है शाला भवन शुरूआती तौर से ही चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है? वही गौर करने वाली बात यह भी है कि जब शाला भवन बना हुआ है तो निश्चित तौर से यहां पर सरकारी रिकार्ड में किसी ने किसी शिक्षक को तैनाती होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? क्योंकि इस शाला भवन की वर्तमान सच्चाई पर गौर किया जावे तो लाखों की लागत से बने हुये इस शाला भवन में जहां भूसा के ढेर नजर आ रहे है तो दूसरी ओर जिन कमरों में बैठकर बच्चों को पढ़ाई होना चाहिये थी उन कमरों में लिखें हुये पहाडे के नीचे जिस तरह भूसा को ढेर नजर आ रहा है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा हे कि शायद यहां पर किसी के मवेशी पहाड़ा याद करते हुये स्वरूचि भोज का आनंद लेने से नही चूक पाते होगे? वही दूसरी ओर शाला भवन की दहलान पर ट्रेक्टर की ट्राली सहित अन्य कृषि यंत्र रखे हुये दिखाई देने से जिले के शिक्षा अधिकारियों की उदासीनता की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रहा है? वही बताया जाता है कि जिस जगह पर कोरई टोला के नाम पर लगभग 17 वर्ष पहले शिक्षा गारंटी भवन का निर्माण किया गया था वहां पर न तो कोई रहवासी क्षेत्र है और न ही आसपास कोई लोग रहते है। इस स्थिति में निश्चित ही वर्षो पूर्व लाखों की राशि से बनाया गया है भवन तत्कालीन अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है? लगभग 17 वर्ष पूर्व जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले इस कोरई टोला जो पूर्णरूप से बीरान इलाके के रूप में दिखाई पड़ रहा है, जहां पर अधिकारियों द्वारा लाखों रूपया की शासकीय राशि खर्च करते हुये शिक्षा गारंटी भवन का निर्माण कराते हुये इसका लोकापर्ण 31 मई 2007 को क्षेत्र के तत्कालीन विधायक संजय शर्मा की मौजूदगी में बड़े ही धूमधाम के साथ कराया गया था। इस बात से इंकार भी नही किया जा सकता है कि जब यहां पर शिक्षा गारंटी केन्द्र की शिक्षा विभाग द्वारा स्थापना की गई है तो निश्चित ही यहां पर किसी ने किसी शिक्षक की भी नियुक्ति की गई होगी? क्योंकि बगैर किसी शिक्षक के तो कोई भी शिक्षण संस्था संचालित होने से रही अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि आखिरकार वह शिक्षक कौन है जिसकी देखरेख में यह केन्द्र संचालित हो रहा है? क्योंकि आज तक क्षेत्र के लोगों ने इस शाला भवन में किसी भी छात्र का अध्ययन करते हुये तो देखा नही है? इस तरह लाखों रूपया की राशि से बना हुआ यह भवन चारो ओर से पूर्णरूप से खंडहर में तब्दील हो चुका है। भवन के अंदर फैल रही गंदगी तथा लगे हुये भूखा के ढेर व आस पास खेती का काम करने वाले लोगों की रखी हुई सामग्री इस बात का उदाहरण देने से नही चूक पा रही है कि यह शासकीय भवन बच्चों को भविष्य बनाने के जगह क्षेत्र के किसानों के काम सहित मवेशियों का चारा गाह बन चुका है। वही दूसरी ओर इस सरकारी भवन में अनैतिक गतिविधियाँ संचालित होने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? मगर बडे ही हैरत की बात है कि इस तरह शासन की लाखों रूपया की राशि खर्च करते हुये बनाये गये इस भवन की सच्चाई पर निश्चित ही अनेक प्रकार के सबाल खड़े होने से इसलिये नही चूक रहे है। क्योंकि जब किसी शासकीय भवन का निर्माण किया जाता है तो उसे पहले जनपद पंचायत से पास करते हुये निर्माण का प्रस्ताव तैयार करते हुये उच्च अधिकारियों को भेजा जाता है तथा इसके उपरांत शिक्षा








विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निर्माण स्थल का निरीक्षण करने के बाद उसे पास किया जाता है जब कही उसका निर्माण होता है। कुछ इसी प्रकार से इस भवन का निर्माण भी सरकारी अधिकारियों द्वारा सभी नियमों को पालन करते हुये स्वीकृत किया गया होगा तब कही भवन का निर्माण हुआ होगा। वही दूसरी ओर गौर करने वाली बात तो यह भी है कि जब भवन बना हुआ है तो निश्चित ही किसी शासकीय शिक्षक को नियुक्त भी किया गया होगा? इस भवन की सच्चाई को देखते हुये अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि आखिरकार गांव से दूर बीरान इलाके में इस भवन को पास करते हुये स्वीकृति प्रदान करने वाला वह अधिकारी कौन रहा होगा? वही इस शिक्षा गारंटी केन्द्र में पदस्थ रहने वाले शिक्षक कौन है और वह अपनी सेवाएं कहा दे रहा होगा तथा इस संस्था में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राएं कौन है जिनका भविष्य संभाला जा रहा है? सही मायने में देखा जावे तो यह कोरई टोला के नाम पर संचालित होने वाला शिक्षा गारंटी केन्द्र मात्र कागजों पर संचाहित होने के आलवा और कुछ नही है? शासन की राशि खर्च करते हुये भवन निर्माण से लेकर इस शिक्षा गारंटी केन्द्र में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं की निष्ठा के साथ जांच होती है तो निश्चित ही चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? क्योंकि खंडहर होने के साथ पूर्णरूप से चारागाह बने चुका यह शासकीय भवन खुद ही अपने सच्चाई उजागर करने से नही चूक रहा है? क्योंकि इस भवन से दोनों ओर लगभग दो से तीन किलो मीटर के क्षेत्र में कोई भी रहवासी टोला तो दिखाई दे नही रहा है तथा एक ओर बसा हुआ ग्राम सडूमर जहां पर प्राथमिक शाला भवन से लेकर माध्यमिक स्तर की शिक्षण संस्था स्थापित है तो दूसरी ओर बसा हुआ ग्राम सलैया करहैया है जहां पर भी प्राथमिक शिक्षण संस्था संचालित हो रहे है। इस स्थिति में यहां के बच्चें तो यहां पर अध्ययन करने के लिये आने से रहे तो फिर सबाल यह पैदा हो रहा है कि आखिरकार इस कोरई टोला शिक्षा गारंटी भवन में कहा के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिये शासन की लाखों रूपया की राशि खर्च की गई होगी? निश्चित ही यह शासकीय भवन एक बड़ी जांच की ओर संकेत देने से नही चूक रहा है, क्योंकि इस भवन के स्थापना की जांच होती है तो चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने के साथ साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी बेनकाब होने से नही चूक पायेगे?

## गाडरवारा पुलिस अनुविभाग के अंतर्गत ए एस आई से लेकर आरक्षक स्तर के अधिकारी कर्मचारियों के हुये स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी की गई नई स्थानांतरण निति व पुलिस मुख्यालय के गाइड लाईन के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा बीते हुये जिले के लगभग सभी पुलिस थानों में पदस्थ ए एस आई से लेकर ए एस आई व प्रधान आरक्षक सहित आरक्षको की तबादला सूची जारी की गई है। इस तरह जिला मुख्यालय से जारी की गई इस सूची में गाडरवारा पुलिस अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले गाडरवारा, सांईखेडा, चीचली व डोगरगांव पुलिस थाने के आलवा पलोहा पुलिस थाने में पदस्थ पुलिस कर्मियों के स्थानांरण हुये है। वही दूसरी ओर इन थानों में अन्य थानों से आने वाले पुलिस कर्मियों का पदस्थ किया जा रहा है। जारी की गई सूची के अनुसार गाडरवारा पुलिस अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले इन थानों में परिवर्तित किये गये पुलिस कर्मियों में ए एस आई सुमित तिवारी पुलिस चौकी बरमान से सिहोरा, संतोष राजपूत सिहोरा से बरमान, राकेश दीक्षित गाडरवारा से पलोहा, चेतराम पलोहा से मुगवानी, जितेन्द्र राजपूत सांईखेडा से तेंदूखेडा, शिवराज पटैल सांईखेडा



से स्टेशनगंज, सतीश सिंह राजपूत स्टेशनगंज से सांईखेड़ा, अवधेश सुआतला से सांईखेड़ा, एस आई अभराज सिंह सिहोरा से स्टेशन गंज, एस आई कामता प्रसाद पलोहा से सांईखेडा, प्रधान आरक्षक स्तर में मो. सरीफ एजेके से सालीचौका, मो. मेहमूद एजेके से गाडरवारा, राजेन्द्र कुमार एजेके से गाडरवारा, धमेन्द्र तिवारी झोतेश्वर से पलोहा, संदीप सालीचौका से ठेमी, संजीव डोगरगांव से करेली, राजेश डोगरगांव से करेली, श्रीकांत डोगरगांव से करेली, सुरेश डोगरगांव से करेली, धनीराम गाडरवारा से ठेमी, भास्कर पटैल गाडरवारा से ठैमी, प्रमेन्द्र चौधरी गाडरवारा से गोटेगांव, हर भजन सिंह गाडरवारा से गोटेगांव, अंजली गाडरवारा गोटेगांव, कुलदीप गाडरवारा से गोटेगांव, ठाकुरेंद्र गाडरवारा से गोटेगांव, मनोज कुमार गोटेगांव से गाडरवारा, राजेश गोटेगांव से गाडरवारा, महेन्द्र गोटेगांव से गाडरवारा, दिनेश कुमार गोटेगांव से गाडरवारा, चंद्र प्रकाश गोटेगांव से गाडरवारा, चंद्र शेखर नरसिंहपुर से डोगरगांव, नीरज कुमार नरसिंहपुर से डोगरगांव, आशा सांईखेडा से मुगवानी, सुनील सांईखेडा से मुंगवानी, घनश्याम स्टेशनगंज से सांईखेडा, गजराज सिंह स्टेशनगंज से सांईखेडा, देवेन्द्र स्टेशन गंज से सांईखेडा, चंद्र भूषण स्टेशन गंज से सांईखेडा, राधे श्याम सुआतला से चीचली, समसुन महिला थाने से गाडरवारा तबादला किया गया है। इसी प्रकार से आरक्षक स्तर पर नेहा नेमा एजेके से गाडरवारा, सुमंत एजेके से पलोहा, सत्या सिंग एजेके से चीचली, सिद्वार्थ मिश्रा चौकी बोदरी से ठैमी, हेमराज सालीचौका से ठैमी, सुधांशु त्रिपाठी सालीचौका से ठैमी, हिमांशु वर्मा सिंहपुर से सांईखेडा, मोहित त्रिपाठी सिंहपुर से सांईखेडा, आदेश चीचली से सिंहपुर, राकेश झा, कमलेश, आकाश, नशीम अक्तर, दिनेश कुमार, गाडरवारा से स्टेशनगंज, महिला आरक्षक नेहा गाडरवारा से गोटेगांव, अभिषेख पासी व ब्रजेश दीक्षित गोटेगांव से सालीचौका, बंदना, आशीष, गोटेगांव से गाडरवारा, संदीप सिंह अभिषेख करेली से सांईखेडा, ओम प्रकाश मुंगवानी से डोगरगांव, अतुल कुमार पलोहा से मुंगवानी, बसंत कुमार सांईखेडा से पलोहा, यशवंत सांईखेडा से करेली, रीशव दास स्टेशन गंज से डोगरगांव, शुभम शर्मा व अजय उईके ठैमी से गाडरवारा तबादला किया गया है।

## सांईखेड़ा पुलिस द्वारा अवैध गांजे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस द्वारा भी मादक पदार्थो के खिलाफ कार्यवाही के चलते एक युवक को गिरप्तार करते हुये उसके पास से मादक पदार्थ गांजा जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। बताया जाता हे कि थाना प्रभारी प्रकाश पाठक को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की समीपस्थ ग्राम मेहरागांव में एक युवक अपने पास कुछ मादक पदार्थ रखे हुये है जो विक्रय करने की जुगाड में घूम रहा है। इस सूचना से थाना प्रभारी द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक मृखागी डेका द्वारा आरोपी को माल सहित पकड़ने के निर्देश जारी किये जाने के चलते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में एक टीम का गठन किया गया। बनाई गई इस टीम में थाना प्रभारी प्रकाश पाठक के साथ ए एस आई शिवराज



पटैल, विक्रम परमार के आलवा आरक्षक दीपक ठाकुर, राजेन्द्र धाकड़, अमन सिकरवार को शामिल करते हुये मुबखिर द्वारा बताये गये स्थान की घेराबंदी करते हुये संदिग्ध स्थिति में एक युवक को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम सतीश पिता नारायण सिंह राजपूत उम्र 30 साल निवासी ग्राम मेहरागांव बताया गया। वही जब पुलिस ने युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से पुलिस को 521 ग्राम गांजा पाये जाने पर पुलिस द्वारा आरोपी के पास से गांजा जप्त करते हुये धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार कर मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता करने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिरकार युवक यह गांजा लेकर कहा से आया हुआ था और उसको विक्रय करने के इंतजार कर रहा था। यदि पुलिस आरोपी से यह राज उगलवाने में सफल होती है तो निश्चित ही बडे सौदागरों तक पहुंचने में सफलता मिलने की उम्मीद जताई जा रही है...?

## सूरज की तपन से मानव जीवन से लेकर पशु पक्षी भी परेशान, पानी के लिए भटक रहे मूक पशु

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इन दिनों चल रहे आषाढ़ माह में जहां सूरज भगवान आग वर्षो ने में कोई कसर नही छोड़ रहे है इसी के कारण गर्मी अपने शबाब पर रहने से सूर्यदेव के रौद्र रूप दिखाने से नगर की गलियो में सन्नाटे का आलम जहां दिखायी दे रहा है। वही धूप की चुभन के दौरान लोगों का सड़कों पर चलना दूभर हो रहा है। इस प्रकार से देखा जा रहा है कि गर्मी के तेवर तीखे होते जाने से शहर की जीवन रेखा शक्कर नदी की जल राशि समाप्त हो चुकी है और शहर का जल स्तर भी कम होने लगा है, जिसके चलते जहां मूक पशु पीने के पानी को लेकर परेशान





नजर आ रहे है। वही दूसरी ओर पक्षियों को भी गर्मी के चलते ठंडक पाने के लिए भटकते हुए देखा जा रहा है। स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि गर्मी का असर सबसे ज्यादा उन पक्षियों पर पड़ रहा है जिसके चलते वह पानी की खोज में भटकते हुए देखे जा रहे है, हालत यह है कि गर्मी के भीषण होते जाने से दोपहर में पक्षियों की आवाज कम सुनी जा रही है और शहर का वातावरण अजीब हो गया है। गौरतलब है कि गर्मी के एकाएक बढ़नें का विपरीत असर जन स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। इस समय लगातार बढ़ती जा रही गर्मी से परेशान शहरवासियो का कहना है कि गर्मी तो अपना असर दिखाने बेताब है पर उससे पीडित होने वालों की सुध जिम्मेदारो द्वारा नही ली जा रही है, नगर के कई वार्डो में गंदगी के लगे अम्बारो को हटाने, चोक नालियॉ खोलने व नगर के अनेक वार्डो में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था न होने से माहौल जिस तरह प्रदूषित हो रहा है उसके चलते नगर के लोगों को परेशान होते हुए देखा जा रहा है, वही दूसरी ओर इन समस्याओं पर संबंधित प्रशासन कम ध्यान दे रहा है, जिसका नतीजा है कि शहरवासियो को बढ़ती जा रही गर्मी के दिन व्यतीत करना तो मुश्किल हो ही रहा है वही दूसरी ओर रात में मच्छरो की वजह से उनको सुख की नींद भी नसीब नहीं हो रही है, ज्ञातव्य है कि गर्मी के बढ़नें का असर क्षेत्र के जन जीवन पर भी पड़ने लगा है।

## चीचली क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में कक्षा पहली व दूसरी का गणित रिफ्रेशर प्रशिक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज/चीचली। विकास खंड चीचली के अंतर्गत आने वाली समस्त शासकीय शाला के कक्षा पहली एवं दूसरी को पढ़ाने वाले शिक्षकों का तीन दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का प्रथम चरण श्री साईं पब्लिक स्कूल चीचली में सतत जारी है। बताया जाता है कि इस रिफ्रेशर प्रशिक्षण के प्रारम्भिक दो दिवस गणित विषय तथा तृतीय दिवस हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के लिए आवंटित किया गया है। प्रथम चरण के इस प्रशिक्षण में दो कक्षों में 89 शिक्षक सहभागिता कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण के प्रथम चरण के द्वितीय दिवस विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से संवाद करते हुए प्रशिक्षण की उपयोगिता, महत्वता, कौशलों का विकास, अभिवृत्ति में परिवर्तन तथा व्यवहारिक अनुप्रयोग से संबंधित चर्चा की गई। वही इस प्रशिक्षण में



डीआरजी मनीष नेमा, लेखराम गौतम, मन्ना लाल पटले तथा जितेंद्र कौरव द्वारा गणित विषय की बारीकियां से शिक्षकों को अवगत कराया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में विकास खंड अकादमिक समन्वय अरुण दुबे द्वारा प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में समस्त व्यवस्था उपलब्ध करने, सत्यम ताम्रकार द्वारा सह प्रभारी के रूप में प्रशिक्षणार्थियों की ऑन लाइन एवं ऑफ लाइन उपस्थिति तथा कंप्यूटर कार्य एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव तथा अभिषेक पाराशर द्वारा किया जा रहा है।

# जनसुनवाई में 68 आवेदन प्राप्त, समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

**कलेक्ट्रेट सभाकक्ष डिंडौरी में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के नागरिकों की विभिन्न समस्याएं सुनी गईं। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में जनसुनवाई का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर द्वारा किया गया।**






हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी।

इस अवसर पर कुल 68 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा निर्धारित करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, एसडीएम बजाग, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत कंचनपुर के ग्राम तितराही से अपूर्ण पीडीएस भवन को पूर्ण कराने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ, जिस पर जनपद सीईओ समनापुर को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम साल्हेघोरी के चंद्रभान राठौर ने मोहल्ले में शासकीय नल से पानी भरने को लेकर उत्पन्न विवाद और मारपीट की शिकायत की, जिस पर पीएचई विभाग को जांच कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम उदरी की श्रीमती रिंकी बाई ने आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 में सहायिका की नियुक्ति में अनियमितता की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि कम अंक पाने वाले अभ्यर्थी का चयन किया गया है। इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग को तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत भाजीटोला, समनापुर के डाकेश्वर राठौर ने नल-जल योजना के भुगतान में देरी की शिकायत की। अप्रैल 2024 से अब तक भुगतान लंबित रहने की जानकारी दी गई, जिस पर सीईओ समनापुर को जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

वहीं, शहपुरा वार्ड क्रमांक 04 के अशोक साहू ने दो माह के लंबित वेतन और बिना पूर्व सूचना कार्य से निष्कासन की शिकायत दर्ज कराई। मामले में नगर परिषद शहपुरा से जवाब लेकर उचित कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

# कम्युनिटी यूथ लीडर अरविंद लाल यादव के नेतृत्व में 10 दिवसीय समर कैंप का सफल समापन

डिंडोरी।



जनजातीय कार्य विभाग मध्य प्रदेश शासन एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में डिंडोरी विकासखंड के ग्राम मेरमाल में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का सफल संचालन कम्युनिटी यूथ लीडर अरविंद लाल यादव द्वारा किया गया।

कैंप से पूर्व अरविंद लाल यादव को मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन* द्वारा तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसके पश्चात उन्होंने अपने गांव मेरमाल में यह समर कैंप आयोजित किया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक व शैक्षणिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। गतिविधियों में बीज रोपण, पत्तों से आकृतियां बनाना, कागज व मिट्टी से उपयोगी व सजावटी वस्तुएं तैयार करना, रंगोली, चित्रकला आदि शामिल रहे। इसके अलावा बच्चों को बाल संरक्षण कानून की भी महत्त्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिससे उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े। समर कैंप के समापन अवसर पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की बनाई हुई रचनात्मक कृतियों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव दयाभि मरावी, हेडमास्टर जयंत परस्ते, ब्लॉक मैनेजर प्रवीण उपाध्याय तथा कम्युनिटी यूथ लीडर अरविंद लाल यादव उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा और प्रयासों की सराहना की एवं ऐसे कार्यक्रमों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। जमुना होटल शहपुरा में डोसे के साथ चटनी में निकली मरी छिपकली, वीडियो वायरल होने पर कलेक्टर ने लिया संज्ञान।

# सक्षम कार्यक्रम के तहत डिंडोरी में आयोजित समर कैंप का बीईओ ने किया निरीक्षण

डिंडौरी।

जनजाति कार्य विभाग भोपाल एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से डिंडोरी ब्लॉक के अंग्रेजी माध्यम कन्या आश्रम में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप का उद्देश्य छात्राओं में जीवन कौशल विकसित करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। इस कैंप का निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) बी.डी. सोनी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैंप की गतिविधियों का अवलोकन किया और छात्राओं से संवाद कर उनके अनुभव सुने। उन्होंने समर कैंप की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर बालिकाओं को अपने भीतर छिपी रचनात्मकता और क्षमता को पहचानने का अवसर देते हैं। कैंप में बालिकाओं ने बीज रोपण, अपशिष्ट कागजों से उपयोगी वस्तुएं बनाना, चित्रकला, कविता एवं कहानी लेखन, बाल संरक्षण जागरूकता जैसी कई रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया।इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षिका वंदना करचाम कैंप गतिविधि सहयोगी वर्षा पड़वार, सक्षम जिला कार्यक्रम प्रबंधक महारन प्रताप सिंह परमारतथा ब्लॉक प्रबंधक प्रवीण उपाध्यायभी उपस्थित रहे। बीईओ सोनी ने समर कैंप के सफल संचालन हेतु सभी संबंधितों को बधाई दी और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया।



# वनवासी विकास परिषद खंड अमरपुर की मासिक बैठक सम्पन्न



अमरपुर।

वनवासी विकास परिषद खंड अमरपुर की मासिक बैठक मंगलवार को मुख्यालय अमरपुर में आयोजित किया गया। जिसमें वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस 24 जून से 30 जून तक ब्लॉक के सभी क्षेत्रों में मनाएं जाने पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। आयोजित मासिक बैठक में प्रमुख रूप से जिला सचिव गुलाब सिंह ठाकुर, जिला हितरक्षा प्रमुख रामनाथ उद्दे, अमरपुर खंड अध्यक्ष साहब लाल पुषाम, समन्वयक यशवंत वनवासी, घनश्याम साण्डया, शिवदास गायकवाड़, सुकरित लाल धुर्वे, कार्तिक लाल सैयाम, रामकुमार वनवासी, दयाल सिंह वनवासी, भूपत चंदेल, धोबी सिंह परस्ते आदि मौजूद रहे।

# ऑन ड्यूटी पुलिस की वर्दी फाड़ने व मारपीट के तीन आरोपी धराये, दो फरार



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

कोतमा नगर के लहसुई गांव में 4 दिनों पूर्व जुआरी को पकड़ने गई पुलिस टीम के ऊपर हिस्ट्रीशीटर बदमाश मोहम्मद आकिब 23 एवं उसके परिजनों द्वारा बंधक बनाते हुए हमला कर दिया गया था साथ ही ऑन ड्यूटी पुलिस की वर्दी फाड़ने के साथ मारपीट भी किया गया। मामले में पुलिस ने संजीव त्रिपाठी एवं राम यादव की शिकायत पर मुख्य आरोपी मो आकिब उसके पिता अब्दुल रसीद उर्फ छेद्दी, चाचा मो मुईद, मो मुजीफ एवं बाके के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को घर में बंद करते हुए हमला किए जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी मच गई थी। पुलिस के साथ हाथापाई, वर्दी फाड़ने, शासकीय कार्य में व्यवधान डालने के साथ जान से मारने की धमकी दिए जाने के बाद पुलिस की कई टीम सक्रिय होकर लगातार अपराधियों की धरपकड़ में लगी रही। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला के नेतृत्व में उप निरीक्षक अकबर खान एवं टीम के द्वारा मंगलवार को आरोपी मो आकिब पिता अब्दुल रसीद उर्फ छेद्दी, अब्दुल रसीद उर्फ छेद्दी एवं मुजीब को लहसुई गांव में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। जिनसे फरार आरोपी मो मुईद एवं बाके के बारे में जानकारी

# पैसों के कारण पति ने डंडे से पीट-पीटकर पत्नी की ले ली जान

**पैसे के कारण बढा विवाद, आरोपी पति गिरफ्तार**

**मामला अमरकंटक थाना अंतर्गत ग्राम जमुना दादर का**



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 जमुना दादर निवासी दुर्गेश बैगा ने 15 जून की शाम 4 बजे पैसों के विवाद के चलते पत्नी इंद्रावती बैगा की डंडे से जमकर पिटाई करने पर पत्नी की मौत हो गई। वार्ड क्रमांक 15 जमुना दादर अमरकंटक निवासी जय लाल बैगा पिता सेम लाल बैगा उम्र 34 वर्ष में सुबह 8 बजे थाना अमरकंटक में आकर रिपोर्ट किया कि मैं मजदूरी का काम करता हूं कल 15 जून करीब 4 बजे शाम को मैं संतोषी बाई राय सिंह तथा दुर्गेश बैगा सभी लोग दुर्गेश बैगा के घर के बाहर बिही के पेड़ के नीचे बैठे थे उसी समय दुर्गेश की पत्नी इंद्रावती बैगा वहां पर आई जो शराब पिए हुए थी। दुर्गेश बेगा ने अपनी पत्नी इंद्रावती से पूछा कि जो मजदूरी का पैसा 1800 रुपए मैंने तुमको रखवाया था वह कहां रखी हो लाकर दो तो मैं बाजार से सब्जी एवं किराना का सामान सामान लेकर आऊं तब वह बोली की पैसा कहीं गिर गया है। खोजने में नहीं मिला उसी बात से नाराज होकर दुर्गेश बैगा अपनी पत्नी इंद्रावती को अपने पास में रखे बांस के डंडे से उसके सिर में दो डंडा लगातार मारा जिससे इंद्रावती के सर से खून बहने लगा तथा दो डंडा उसके दाहिने पैर की पिंडली में जोर-जोर से मारा तो वह चिल्लाते हुए बेहोश होकर गिर गई हम लोग बीच बचाव करने लगे तो मुझे भी दौड़ाया तब हम लोग वहां से अपने घर तरफ जाने लगे तो वह अपनी पत्नी का हाथ पकड़ कर घसीटते हुए अपने कमरा के अंदर ले जाकर जमीन पर लेटा दिया था। आज सुबह करीब 7 मुझे दुर्गेश मेरे घर आकर बताया कि मारपीट करने से मेरी पत्नी की रात में करीब 12:01 बजे मृत्यु हो गई है तब, मैं संतोषी बैगा राय सिंह एवं पड़ोस की रहने वाली रीनू गुप्ता वगैरा जाकर देखे तो वह मृत्यु हालत में वही पड़ी थी। उसकी मृत्यु दुर्गेश बैगा के द्वारा बांस के डंडा से मारपीट करने से तथा सिर व शरीर में चोट आने के कारण ही हुई है। मैं घटना की रिपोर्ट करने थाना आया हूं। थाना अमरकंटक में उक्त प्रकरण पर अपराध क्रमांक 112 /25 बीएनएस की धारा 103 (1) कायम कर विवेचना में लिया है हत्या के प्रकरण की विवेचना थाना अमरकंटक के नगर निरीक्षक एलबी तिवारी, उप निरीक्षक पी एस बघेल एवं सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव के द्वारा की जा रही है। मृतिका के शव का पंचनामा तथा पोस्टमार्टम कराया जाकर परिजनों को सौंप दिया गया है पश्चात अंतिम संस्कार कर दिया गया। अभियुक्त दुर्गेश बैगा को त्वरित कार्यवाही कर पकड़ लिया है जिससे आवश्यक पूछताछ की जा रही है।

## दिखावे तक सीमित पुलिसिया कार्यवाही

# पार्किंग अड्डे में तब्दील हुआ 10 करोड़ का मॉडल सड़क

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

नगर के सौंदर्यीकरण एवं व्यवस्थित आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए शासन के द्वारा ढेड साल पहले बनिया टोला से केरहा नाला तक सीमेंट युक्त माडल सडक का निर्माण कार्य करवाया गया है। निर्माण के शुरुआती दिनों से ही यह सड़क विवादों से गिरी रही सड़क पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेद चढ़ गई रही सही कसर दुकानदारों ने पूरी कर दी है।



### अघोषित पार्किंग

केशवानी चौराहा से केरहा नाला तक दुकानदारों के द्वारा अपने वाहनों को सड़कों पर ही खड़ा करते हुए नियमित रूप से पार्किंग का अड्डा घोषित कर दिया है। गहोई मिल के सामने से दुकानदारों के द्वारा चार पहिया एवं बड़े वाहन सहित पिकअप वाहन को आगे सड़क में खड़ा करते हुए पार्किंग का अड्डा बना दिया गया है, वही मोटर गैरेज दुकानदारों के द्वारा सड़क पर ही वाहनों को खड़ा करते हुए रिपेयरिंग का कार्य किया जाता है। सड़क में दो पहिया वाहन को खड़ा कर दिया जाता है। सड़क पर ही भवन निर्माण सामग्री -केशवाही तिराहा से के रहा नाला के बीच बनी माडल सड़क मे ही भवन निर्माता के द्वारा निर्माण सामग्री रेत गिट्टी ईट छड को सड़क रखवा दिया जाता है। जिसके कारण एक और की सड़क का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है।

### दिखावे की कार्यवाही

विगत चार दिनों पहले हाइवे चौकी फुगना यातायात विभाग के द्वारा नगर की सड़कों पर अभियान चलाते हुए सड़कों पर अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला गया था, लेकिन यह कार्यवाही सिर्फ दिखावा साबित होकर रह गई। उसके बाद यातायात विभाग के द्वारा मॉडल सड़क की सुध लेना ही उचित नहीं समझती है जबकि यातायात प्रभारी के मोबाइल पर अघोषित रूप से मॉडल सड़क पर खड़े बाहर की तस्वीर भी भेजी गई। उसके बाद भी कार्यवाही करना उचित नहीं समझ रहे हैं।

### क्या बडा घटना का इंतजाम

माडल सड़क को दुकानदारों के द्वारा अघोषित रूप से पार्किंग का अड्डा बना लिया गया है साथ ही बड़े मालवाहक वाहनों को सड़क पर ही खड़ा करवाते हुए सामान खाली करवाया जाता है जिसके कारण एक ओर से आने वाले वाहन नजर नहीं आते हैं जिसके कारण किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो जाएगी तब जाकर यातायात विभाग की नींद खुलेगी और ऐसे वाहन मालिकों एवं दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही करेगा।

## खबर संक्षेप

### खराब खाद्य सामग्री जब्त, 18 हजार की मिठाई मौके पर नष्ट

**शहपुरा**।शहपुरा नगर स्थित प्रसिद्ध जमुना होटल में डोसे के साथ परोसी गई नारियल चटनी में मरी हुई छिपकली मिलने का मामला सामने आया है। 15 जून को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही प्रशासन हरकत में आ गया। कलेक्टर के निर्देश पर और एसडीएम शाहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा के मार्गदर्शन में 16 जून को मौके पर जांच की गई। शिकायतकर्ता की उपस्थिति में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमति प्रभा टेकाम तथा सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री जयंत असराटी ने होटल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान होटल के रसोईघर की स्थिति अत्यंत गंदगीपूर्ण पाई गई। फर्श और बर्तन बेहद गंदे थे और साफ-सफाई के मानकों का घोर उल्लंघन देखा गया। निरीक्षण के दौरान फ्रीजर में रखे खाद्य पदार्थों में भी अनियमितताएं मिलीं। करीब 20 किलोग्राम खोवा, 12 किलोग्राम छेना और 3 किलोग्राम कलाकंद – कुल मिलाकर लगभग 18,000 रुपए मूल्य की खाद्य सामग्री खराब अवस्था में पाई गई, जिसे तत्काल नष्ट करवाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नारियल की चटनी, चना दाल और लाल मिर्च पाउडर के नमूने लिए गए हैं, जिन्हें परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। होटल संचालक दिनेश अग्रवाल को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के अंतर्गत सुधारात्मक नोटिस जारी किया गया है। प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा है कि खाद्य सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बारिश ने फिजा में घोली ठंडक, तेज तपन से मिली राहत

**अनूपपुर**। सोमवार को अचानक मौसम में बदलाव आया जिसके कारण दोपहर से आसमान में बादल छाए रहे। लगभग 1 घंटे रिमझिम बारिश भी हुई। दोपहर 2 बजे के बाद घने बादल छा गए और तेज गरज के साथ लगभग आधे घंटे तक धूल भरी आंधी चली और उसके बाद लगभग एक घंटे तक लगातार रिमझिम बारिश हुई। जिसके कारण मौसम में ठंडक घुल गई और लोगो को गर्मी से राहत मिली। मौसम में परिवर्तन के कारण एवं आंधी तूफान चलने के साथ ही बारिश हुई जिसके कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आ रहा था। लोगों को काफी दिनों से मानसून का इंतजार था जिसके कारण लोगों का गर्मी से हाल बेहाल था। सोमवार को दोपहर बाद धूल भरी आंधी एवं तेज चमक गरज के साथ 1 घंटे तक रिमझिम बारिश होने के कारण लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन शाम को उमस भरी गर्मी से लोग परेशान नजर आए। लोगों को अब यह महसूस होने लगा कि मानसून ने अपनी दस्तक दे दी है जिससे अब बारिश लगातार होनी शुरू हो जाएगी वहीं किसानों के चेहरे में भी खुशी नजर आने लगी है। किसान आपको इतना नगर में पहुंचकर बीज दुकानों से बीच की खरीददारी करना शुरू कर दिया है, वही सहकारी समिति में पहुंचकर खाद्य की खरीददारी में जुटे हुए हैं। कई किसान तो खेतों की जुताई का कार्य भी शुरू कर दिया है।

### चीरघर बना कबाड़खाना, लगा कचरों का अंबार

**अमरकंटक**। मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में मृतक जनों के किए जाने वाले शव विच्छेदन का घर चीरघर पूरी तरह से कबाड़ खाने में तब्दील हो गया है। पोस्टमार्टम किए जाने वाले भवन के अंदर की दशा देखने लायक है वहां पूरी तरह से कचरा जमा हुआ है साफ सफाई नहीं है, आवारा पशुओं ने अपना डेरा जमा लिया है। पवित्र नगरी अमरकंटक के एकमात्र चीर घर में दुर्दशा का आलम है उक्त चीरघर में कैसे मृतक के शव को किन परिस्थितियों में विच्छेदन किया जाता होगा इसका अंदाजा सहज ही लगा सकते हैं। बने कमरों के अंदर गंदगी का साम्राज्य है अब उक्त भवन कबाड़ खाने की स्थिति में आ गया है ना तो उक्त भवन की साफ सफाई की जाती और ना ही आवश्यक मरम्मत सुधार तथा उक्त भवन का रंग रोगन ही किया जाता है इसके साथ ही उक्त भवन के दरवाजे की हालत बहुत ज्यादा खराब है। आखिर प्रशासन इस दिशा में क्यों ध्यान नहीं दे रहा। मृतक के शव को सायंकाल या रात्रि में उक्त चीर घर में रखा जाता है चीरघर तक पहुंचने वाला रास्ता भी बेहद खराब हालत में है क्या जिला प्रशासन या स्थानीय नगर परिषद अमरकंटक इस ओर ध्यान देकर आवश्यक कार्यवाही कर चीरघर का सुधार मरम्मत तथा साफ सफाई आदि करने की जहमत उठयेगा।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर ट्राली पलटने से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस ट्रेक्टर ट्राली पलटने से युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनेश पिता राजाराम केवट उम्र 23 वर्ष निवासी रामपिपरिया की ट्रैक्टर ट्राली पलटने से घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस शव को कब्जे मे लेकर शव पोस्टमार्टम हेतु रखवाया गया शव का परीक्षण आज कराया जावेगा।

### कड़ी मेहनत से वेद प्रकाश ने पाई सफलता



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नीट यूजी के परीक्षा परिणाम में नरसिंहपुर जिले के गुलाब चौराहा के निवासी अशोक साहू के पुत्र वेद प्रकाश साहू ने 14168 रैंक तथा 521 अंक प्राप्त किये है। वेद प्रकाश साहू का अध्यापन कार्य भोपाल शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ। इस विद्यालय से 14 छात्र- छात्राओं ने सफलता हासिल की है। इनमें वेदप्रकाश साहू ऐसे विद्यार्थी हैं। जिन्होंने परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बाद भी अपना हौसला नहीं खोया। पढ़ाई के लिए प्रति लगन और मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन में इस महत्वपूर्ण परीक्षा में सफल हुए हैं। शासकीय विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर पाराशर तथा उनके माता पिता द्वारा भी उनकी लगन और परिश्रम को लेकर प्रशंसा की जा रही है।

### जनसुनवाई में आये 142 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 17 जून को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 142 आवेदन आये।

### मूंग तुलाई के दौरान झोलझाल, किसानों ने किया हंगामा

# 5 फर्मों के 6 तौल कांटे किए गए जब्त




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को किसानों द्वारा कृषि उपज मंडी कार्यालय के समझ प्रर्दशन किया गया एवं तौल में गड़बड़ी की बात कही गई। मूंग खरीदी के दौरान किसानों द्वारा हंगामे के जानकारी के बाद प्रशासन हरकत मे आया।

किसानों ने बताया कि मूंग खरीदी के दौरान व्यापारियों द्वारा कांटो मे गड़बड़ी की गई। जिससे किसानों की उपज ली जा रही है। मंडी में मूंग की तुलाई में गड़बड़ी का मामला बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को किसानों ने कम तौल का विरोध किया। नापतौल विभाग की जांच में 5 फर्मों के 6 कांटों में 100 से 150 ग्राम तक की गड़बड़ी मिली। विभाग ने इन कांटों को जब्त कर लिया गया।



#### 10 किलोग्राम की कमी निकली उपज

किसानों ने मंडी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने पिछले दो महीनों की तौल का पुनर्मूल्यांकन और उचित भुगतान की मांग की है। साथ ही कांटों की नियमित जांच की मांग भी रखी। तीन किसान अपनी उपज पहले से तौलकर मंडी लाए थे। मंडी में तुलाई के दौरान उपज में तकरीबन 10 किलोग्राम की कमी निकली। किसान प्रतीक शर्मा की मूंग 7300 रुपए प्रति क्विंटल पर बेचा गया। लेकिन कम तौल के कारण उन्हें नुकसान हुआ। जबकि किसान द्वारा मूंग पहले से तौल कर मंडी लाई गई थी। जैसे मामले की भनक अन्य किसानों को लगी तो किसान संगठन सहित अन्य किसान भी मौके पर पहुंचे और विरोध करने लगे। जिससे प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला तथा किसानों को समझाईस दी गई।

#### इन फर्मो के कांटे मिले गड़बड़

उक्त मामले के की जानकारी किसानों द्वारा प्रशासन व नापतौल विभाग को दी गई। जिसमें नापतौल विभाग के अधिकारियों के पहुंचते ही हम्माल कांटे लेकर भाग गए। नापतौल अधिकारी आर. के. ढोके ने 15 कांटों की जांच की। आकाश ट्रेडिंग, पवन ट्रेडर्स, मनीष ट्रेडर्स, कटारिया ट्रेडर्सऔर जैन ट्रेडर्स के कांटों में गड़बड़ी पाई गई। नापतौल विभाग द्वारा जांच पड़ताल कर कांटे जब्त किए गए। आगे की कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को सौंपा जावेगा। वही उक्त मामले में मंडी प्रशासन द्वारा किसानों को ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंडी निरीक्षक पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि दोषी फर्मों पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा फर्मो पर क्या कार्रवाई की जाती है।



#### अधिक तौली जा रही थी उपज

कृषि उपज मंडी मूंग बेचने आए किसानों द्वारा अपनी उपज को आने पूर्व तौल कर लिया था जैसे उनकी उपज मंडी मे तौल की गई तो उनकी उपज लगभग किलो कम निकली जिसे लेकर किसानों द्वारा कांटों की जांच की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया गया। हंगामे के बाद प्रशासन जागृत हुआ और नापतौल विभाग को बुलाया गया एवं कांटो की जांच पड़ताल कराई गई जिसमे 5 फर्मो के 6 कांटों पर गड़बड़ी पाई गई। जिन्हे जब्ती में लिया गया। वही मंडी निरीक्षक द्वारा किसानों को आश्वस्त किया गया कि जांच उपरांत दोषियों पर ठोस कार्रवाई की जावेगी।

# संगठन सृजन अभियान का मुख्य उद्देश्य और लक्ष्यः डॉ अखिलेश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** देश के कई राज्यों के साथ मध्य प्रदेश में भी संगठन सृजन अभियान कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संगठन को निचले स्तर तक ले जाने और मजबूत करने के लिए कांग्रेस द्वारा कई महत्वपूर्ण और कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जिससे ब्लॉक स्तर तक संगठन को मजबूत किया जा सके। उक्त बात मंगलवार को होटल अमर गार्डन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद ने कही। डॉ. प्रसाद ने बताया कि इस अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के अलावा गैर राजनीतिक लोगों से भी चर्चा कर सुझाव लिए जाएंगे और किस प्रकार से ब्लॉक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष को और अधिक शक्ति दी जा सके इस प्रकार के निर्णय लिए जाएंगे। बिहार से आए राज्यसभा सदस्य डॉ अखिलेश प्रसाद ने बताया कि वे नरसिंहपुर जिले के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए हैं और 3 दिन यहीं रहेंगे। ब्लॉक विधानसभा स्तर और जिला स्तर के पदाधिकारी से सीधे चर्चा की जाएगी। बिहार से आए राज्यसभा सदस्य एवं भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर अखिलेश प्रसाद ने कहा कि आज प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश में समस्याएं बढ़ रही हैं लूट मची हुई है पूंजीपतियों को लाभ दिया जा रहा है महंगाई बेरोजगारी से लोग परेशान हैं भाजपा की जन विरोधी नीतियो और विचारधारा को मजबूत संगठन से ही मध्य प्रदेश में मुकाबला किया जा सकता है और इससे आगे भी हम निकलेंगे साथ ही पूरे देश में एक बार फिर कांग्रेस मजबूती के साथ खड़ी होगी। पत्रकारों के जवाब देते हुए डॉ अखिलेश प्रसाद ने कहा कि निश्चित तौर पर हमारे संगठन में कुछ कमियां हैं किंतु अब वो दिन दूर नहीं जब इन कमियों को दूर कर हम आगे बढ़ेंगे और हमारे नेता अपने मतभेद भूलाकर आम जनता के लिए लड़ेंगे और कांग्रेस को मजबूत करेंगे। यही संगठन सृजन अभियान का मुख्य उद्देश्य और लक्ष्य है। डॉ अखिलेश प्रसाद ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार पर कई आरोप लगाए। उक्त मौके पर प्रदेश बिहार कांग्रेस कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, जिले के कांग्रेस संगठन प्रभारी जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, पूर्व ऊर्जा मंत्री एन पी प्रजापति, पूर्व विधायक संजय शर्मा, सुनील जायसवाल, दीनदयाल ढिमोले आदि मौजूद रहे।



# शराब दुकान खोलने के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस ग्राम पंचायत नकदुआ के निवासियों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई तथा शराब दुकान खोले जाने का विरोध किया गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि छिंदवाड़ा बायपास चैराहे के पास वैध बाबू कॉलोनी में प्रस्तावित है जिससे निवासियों को काफी परेशानी होगी। लोगों ने कहा, सरकारी नियम जो हैं उनका पालन होना चाहिए। प्रस्तावित दुकान एनएचएआई सड़क से मात्र 60-70 फीट की दूरी पर है। यह सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है। नियम के मुताबिक शराब दुकान राजमार्ग से कम से कम 500 मीटर दूर होनी चाहिए। शराब दुकान खुलने से आसपास के परिवार प्रभावित होंगे। महिलाओं और बच्चों पर इसका असर पड़ेगा। बायपास चैराहा एक प्रमुख मार्ग है। देशभर से लोग यहां आते-जाते हैं। शराब दुकान से शहर की छवि खराब होगी। ग्रामीणों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि न्यायालय के निर्देशों और जनहित को देखते हुए इस स्थान पर दुकान खोलने की अनुमति न दी जाए। प्रशासन के निर्णय का इंतजार है। नयागांव के उपसरपंच मस्तराम सिंह लोधी ने भी जनसुनवाई में शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनके गांव में पिछले 5 साल से अवैध शराब बिक रही है। प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

## ग्रंथपाल अपर्णा चौबे हुई स्थानांतरित, समारोह पूर्वक दी गई विदाई



**तेंदूखेड़ा** शासकीय महाविद्यालय में अपनी प्रथम पदस्थापना के तहत ग्रंथ पाल के रुप में वर्ष 2019 में पदस्थ हुई अपर्णा चौबे का शासकीय महाविद्यालय रायसेन स्थानांतरित हो जाने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा समारोह पूर्वक विदाई दी गई।काफी लंबे समय तक महाविद्यालय का प्रभारी प्राचार्य का दायित्व संभालने के साथ महाविद्यालय की व्याप्त विभिन्न गतिविधियों विसंगतियों पर भी विराम लगाने की दिशा में महती भूमिका निभाई । विदाई अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाईभिनंदन किया। तथा उनके कार्यो की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### अब क्रीड़ा अधिकारी होंगे प्रभारी प्राचार्य

शासकीय महाविद्यालय हमेशा से विषय बार नियमित प्राध्यापकों से रिक्त रहा है। शासकीय तौर पर ग्रंथ पाल एवं क्रीड़ा अधिकारी ही पदस्थ हैं। अब इनमें से ग्रंथ पाल चले जाने के बाद क्रीड़ा अधिकारी भानुप्रताप प्रजापति को ही प्रभारी प्राचार्य का दायित्व मिलेगा। वैसे यहां पर उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली से अर्थशास्त्र विषय से रामकृष्ण झा का स्थानान्तरण हुआ है लेकिन उन्होंने यहां पर आने से अपनी असमर्थता जताई है।साथ ही इतिहास विषय के अतिथि विद्वान आदर्श चौधरी का पी एस सी में चयनित हो जाने के बाद उनका भी जाना लगभग तय माना जा रहा है।ऐसी स्थिति में अब दायित्व क्रीड़ा अधिकारी के पास में ही रहेगा। चूंकि महाविद्यालय में भवन विस्तार और वाऊंड्री वाल जैसे निर्माण कार्य भी होने है। तेंदूखेड़ा शासकीय महाविद्यालय में विषयवार सहायक प्राध्यापकों की आवश्यकता के साथ अन्य संकाय बढ़ाये जाने की मांग काफी लंबे समय से जारी है। और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी समय-समय पर इस मांग को निराकृत कराये जाने की दिशा में पत्राचार और संबंधित मंत्रियों को मौखिक रूप से अवगत कराया है लेकिन आज तक यहां पर नियमित प्राचार्य सहायक प्राध्यापक और विषय नहीं बढ़ सके है। महाविद्यालय की गतिविधियों को सुचारू संचालन की दिशा में नियमित प्राचार्य सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति आवश्यक है।

## सेल्समैन के साथ मारपीट के मामले में कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मध्यप्रदेश सहकारी संघ के कर्मचारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन मे बताया गया है कि ग्राम डोभी में सहकारी समिति के कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। 14 जून को राशन वितरण के दौरान कर्मचारी मूलचंद पटेल के साथ गांव के चार लोगों ने मारपीट की। आरोपियों ने कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार किया और लात-घूंसों से मारपीट की। इतना ही नहीं, उन्होंने शासकीय कार्य में बाधा डाली और सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया। महासंघ का कहना है कि पुलिस ने अभी तक आरोपियों पर धारा 353 नहीं लगाई है। उनका मानना है कि इससे असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिल सकता है। प्रदेश प्रतिनिधि मो. शफी खान और प्रदेश अध्यक्ष कौरव सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक से दो मांगें की हैं। पहली, आरोपियों पर धारा 353 सहित उचित धाराएं लगाई जाएं। दूसरी, जिले के सभी राशन दुकानदारों को सुरक्षा दी जाए। महासंघ ने बताया कि पहले भी राशन वितरण कर्मचारियों के साथ ऐसी घटनाएं हुई हैं। लेकिन सुरक्षा और कानूनी संरक्षण न मिलने से समस्या बनी हुई है।


## करेली में आयोजित हुआ युवा संगम रोजगार मेला



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटसशिप मेले का आयोजन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया। इसमें कुल 108 बेरोजगार युवक- युवतियों का स्वरोजगार के लिए प्रारंभिक चयन किया गया। यह कार्यक्रम जिला रोजगार कार्यालय, उद्योग केन्द्र एवं आईटीआई नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में एक हितग्राही को दो लाभ रुपये का ऋण पत्रक प्रदान किया गया। साथ ही शासकीय विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। मेले में नवभारत फर्टिलाइजर जबलपुर द्वारा 20, शिवशक्ति एग्रीटेक जबलपुर द्वारा 17, एलजी इलेक्ट्रिक प्रा. करेली द्वारा 22, राव्या वर्क फोर्स प्रा.लि. लखनऊ द्वारा 15, हेल्थ अनबोक्स प्रा.लि. नरसिंहपुर द्वारा 21, पुखराज हेल्थकेयर जबलपुर द्वारा 13 इस तरह कुल 108 बेरोजगार युवक- युवतियों को रोजगार के लिए प्रारंभिक चयन किया गया। इस अवसर पर रामसनेही पाठक ने कहा कि ऐसे रोजगार मेले विकसित भारत 2047 के विजन को पूर्ण करने में सहायक होंगे। संदीप ममार ने कहा कि युवा संगम के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी लेकर इन योजनाओं का लाभ लें और अपना स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करें। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. यूएस परमार ने युवा संगम की जानकारी देते हुए कहा कि इस मेले के माध्यम से कौशल और योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। डॉ. एके वाजपेयी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बेरोजगार युवक- युवतियों को स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। हेमंत मेहरा ने रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। शासकीय स्वास्थ्य केंद्र करेली के साजिद मंसूरी ने मानसिक स्वास्थ्य और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महाप्रबंधक पंकज पटेल ने रोजगार मेले के उद्देश्य एवं शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक प्रदीप दुबे और आभार जिला रोजगार अधिकारी आरएस परासर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी- कर्मचारी, हितग्राही और विद्यार्थी मौजूद थे।

# 225 साल पुराना इतिहास है बावड़ी का

### फिर भी उपेक्षित नहीं हो पा रहा उचित रखरखाव



**तेंदूखेड़ा** । 1842 के बुंदेला विद्रोह तथा 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महती भूमिका निभाने वाले ढिलवार के महान क्रांतिकारी राजा डेलनशाह नरवर शाह ने चलते हुए राहगीरों को पानी पीने की व्यवस्था को लेकर बाबडी का निर्माण कराया था जो लगभग 225 साल पुरानी हो गई है। लेकिन इस बाबडी का उचित रखरखाव ना होने की स्थिति में इसका अस्तित्व ही समाप्त होता चला जा रहा है। राजा डेलनशाह नरवर शाह के वंशज ठा रामकुमार सिंह ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुये बताया कि यह बावड़ी हमारे परिजनों के द्वारा ही बनवाई गई थी। तेंदूखेड़ा साप्ताहिक बाजार जाने वाले या ढिलवार से होकर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के राहगीरोंश का यहां से आना जाना हुआ करता था।उनके लिए ठंडा पानी उपलब्ध कराने की मंशा से यह बावड़ी बनवाई गई थी।इसकी विशेष बनावट भी आज की कलाकृति से कहीं श्रेष्ठ है। तथा इसमें वर्ष भर पर्याप्त पानी भी रहा करता था लेकिन बीच में इसके उचित रखरखाव ना होने की स्थिति में यह खंडहर में तब्दील हो गई थी। जैसे तैसे इसकी साफ सफाई करवाकर ग्राम वासियों के सहयोग से रंगाई पुताई भी कराई गई है। इसमें पानी भी रहता था लेकिन उचित तरीके से इसके उद्धार की जरूरत है। कचड़ा के कारण इसके पानी वाले स्त्रोत पुनः उगरना चाह रहे हैं। स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले डेलनशाह नरवर शाह को भी जिस स्थान पर फांसी दी गई है वहां पर स्मारक और जिस किले में उक्त स्वतंत्रता बीर रहते थे। जिसमें अंग्रेजों ने आग लगाई थी वह किला भी आज खंडहर स्थिति में पड़ा हुआ है।शेष खंडहर में उनके वंशज आज भी निवास कर रहे है। स्कूलों में भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक वर्ष छात्रों को रमणीय स्थलों की भ्रमण कराई जाती है। उन्हें ऐसे स्थानों की भ्रमण कराई जाये तो इतिहास को काफी नजदीक से देखने के साथ वास्तविक स्वरूप का बोध होगा।